**आरज़ू ए हिन्द**
विज्ञापन एवं किसी भी प्रकार की जानकारी के लिये संपर्क करें
मोबाइल नंबर
8602806746

RNI No. MPHIN/2017/73229

# आरज़ू ए हिन्द

साप्ताहिक

वर्ा-09 अंक-03 | भोपाल सोमवार 26 मई 2025 | पृष्ठ-8 मूल्य-2 रूपये

## जो सिंदूर मिटाने निकले थे हमने उन्हें मिट्टी में मिलाया है

**जयपुर।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पीएम मोदी पहली बार राजस्थान की धरती पर पहुंचे बीकानेर के पलाना में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए कहा कि 22 अप्रैल को आंतकवादियों ने धर्म पूछकर बहनों की मांग का सिंदूर उजाड़ा था. वो गोलियां पहलगाम में चली थी, लेकिन गोलियों से 140 करोड़ देशवासियों का सीना छलनी हुआ था. इसके बाद हर देशवासियों ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देंगे उन्हें कल्पना से बड़ी सजा देंगे. देश की सेना के सौर्य से हम सब उस प्रण पर खड़े उतरे. हमारी सरकार ने सेनाओं को खुली छूट दी. तीनों सेनाओं ने मिलकर ऐसा चक्रव्यूह रचा कि पाक को घुटने टेकने को मजबूर किया।



22 अप्रैल के हमले के जवाब में 22 मिनट में आतंकियों के 9 सबसे बड़े ठिकाने तबाह किए. दुनिया ने देश के दुश्मनों ने देख लिया कि जब सिंदूर बारूद बनता है तो नतीजा क्या होता है. पीएम ने कहा कि ये संयोग ही है कि 5 साल पहले बालाकोट में देश ने एयर स्ट्राइक की थी. इसके बाद भी उनकी पहली जनसभा राजस्थान में सीमा पर हुई थी. ऑपरेशन सिंदूर हुआ तो इसके बाद भी पहली जनसभा वीर भूमि में हो रही है। पीएम ने कहा कि जो सिंदूर मिटाने निकले थे उन्हें मिट्टी में मिलाया है जो हिंदूस्तान का खून बहाते थे, आज उन्होंने कतरे-कतरे का हिसाब चुकाया है. वो सोचते थे कि भारत चुप रहेगा. जो अपने हथियारों पर घंमड करते थे आज वो मलबे के ढेर में दबे हुए हैं. ये शोध प्रतिशोध का खेल नहीं न्याय का नया स्वरूप है. ये ऑपरेशन सिंदूर है. ये सिर्फ आक्रोश नहीं है, ये समर्थ भारत का रौद्र रूप है. ये भारत का नया स्वरूप है। उन्होंने कहा कि पहले घर में घुसकर वार किया था, अब सीधा सीने पर प्रहार किया. आतंक का फन कुचलने की यही नीति यही रीति है. यही नया भारत है. अब आतंक से निपटने के 3 सूत्र हैं. पहला- भारत पर आतंकी हमला हुआ तो करारा जवाब मिलेगा. समय हमारी सेनाएं तय करेंगी. तरीका भी सेनाएं तय करेंगी और शर्ते भी हमारी होंगी. दूसरा- एटम बम की गीदड़ भभकियों से भारत डरने वाला नहीं. तीसरा- आतंक के आकाओं और आतंक की सरपरस्त सरकार को अलग-अलग नहीं देखेंगे. उन्हें एक ही मानेंगे. पाक के स्टेट और नॉन स्टेट एक्टर्स का खेल नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में पाक की पोल खोलने के लिए देश से 7 प्रतिनिधिमंडल विश्व भर में पहुंच रहे हैं. इसमें सभी दल के लोग हैं. पाकिस्तान का असली चेहरा पूरी दुनिया को दिखाया जाएगा. पाक भारत से कभी सीधी लड़ाई जीत नहीं सकता. जब भी सीधी लड़ाई होती हो तो पाक को मुंह की खानी पड़ती है. पाक आतंकवाद को भारत के खिलाफ लड़ाई का हथियार बनाता है. आजादी के बाद कई दशकों से यही चला आ रहा. पाक आतंक फैलाता है, लोगों की हत्या कर भारत में डर का माहौल बनाता है. इस बार पाक भूल गया कि अब मां भारती का सेवक मोदी यहां सीना तानकर खड़ा है. अब तो मोदी की नसों में लहू नहीं गर्म सिंदूर बह रहा है. मोदी ने कहा कि अब भारत में दो टूक साफ कर दिया है।

### एएसपी घूसकांड में आया नया मोड़

## एसीबी इंस्पेक्टर सोनी गिरफ्तार, डीटीओ से लेता था प्रतिमाह 25 हजार की बंधी

**जयपुर।** सवाई माधोपुर में चर्चित एएसपी सुरेंद्र शर्मा घूसकांड में अब एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने अपने ही एक और अधिकारी इंस्पेक्टर विवेक सोनी को गिरफ्तार कर लिया है। विवेक पर आरोप है कि वह परिवहन विभाग के अधिकारी (डीटीओ) से हर महीने 20 से 25 हजार रुपये की बंधी वसूलता था। एसीबी ने उसे बुधवार देर रात गिरफ्तार किया।

एसीबी सूत्रों के अनुसार, एसीबी इंस्पेक्टर विवेक सोनी के खिलाफ पुख्ता सबूत दलाल प्रदीप के मोबाइल फोन की जांच में मिले। इनमें लेन-देन के रिकॉर्ड और ऑनलाइन ट्रांजैक्शन से जुड़े कई प्रमाण भी सामने आए हैं। पूछताछ के बाद एसीबी ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर सोनी की गिरफ्तारी के बाद उसके और उसकी पत्नी के बैंक खातों की जांच भी शुरू कर दी गई है।

एएसपी शर्मा पर पहले से थे गंभीर आरोप

इससे पहले 18 मई को एसीबी ने एएसपी सुरेंद्र शर्मा, दलाल प्रदीप और रामराज को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था। एएसपी शर्मा पर आरोप है कि वह परिवहन, वन, पुलिस विभाग और शराब ठेकेदारों से हर महीने 60 से 80 हजार रुपये तक की बंधी वसूलता था। यह रकम दलालों के माध्यम से ली जाती थी।

इस मामले में एसीबी के महानिदेशक डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि इंस्पेक्टर विवेक सोनी को सवाई माधोपुर चौकी से दो दिन पहले हटाया गया था। जांच के बाद अब उसकी गिरफ्तारी की गई है। विवेक इससे पहले भी सवाई माधोपुर चौकी में तैनात रहा है और जनवरी 2025 में फिर से वहां नियुक्त किया गया था।

सूत्रों की मानें तो एसीबी की जांच अभी जारी है और जल्द ही इस नेटवर्क से जुड़े अन्य अधिकारियों के नाम भी सामने आ सकते हैं। बैंक खातों और डिजिटल ट्रांजैक्शन की जांच में और भी आर्थिक अनियमितताओं का खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है।

## मंत्री विजय शाह ने तीसरी बार मांगी माफी

### वीडियो जारी कर कहा ये भाषाई भूल थी, मैं बहन सोफिया और देश से माफी मांगता हूं



**भोपाल।** सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकियों की बहन बताने वाले एमपी के मंत्री कुंवर विजय शाह ने एक बार फिर माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि ये मेरी भाषाई भूल थी। इसके लिए मैं बहन सोफिया कुरैशी और देशवासियों से माफी मांगता हूं।

मंत्री विजय शाह ने शुक्रवार को एक वीडियो जारी किया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि किसी को ठेस पहुंचाना मेरा उद्देश्य नहीं था। वीडियो में विजय शाह ने ये कहा कि जय हिंद, पिछले दिनों पहलगाम में हुए जघन्य हत्याकांड से मन दुखी और विचलित था। मेरा राष्ट्र के प्रति अपार प्रेम और भारतीय सेना के प्रति आदर और सम्मान हमेशा रहा है। मेरे द्वारा कहे गए शब्दों से समुदाय धर्म और देशवासियों को दुख पहुंचा है, यह मेरी भाषाई भूल थी। मेरा आशय किसी भी धर्म जाति या समुदाय को ठेस पहुंचाना या आहत करना नहीं था। भूल वश अपने द्वारा कहे गए शब्दों के लिए मैं पूरी तरह भारतीय सेना, बहन कर्नल सोफिया कुरैशी और देशवासियों से पूरी तरह क्षमा प्रार्थी हूं और पुन÷ हाथ जोडक़र आप सबसे माफी मांगता हूं।

**विजय शाह के माफी का यह तीसरा वीडियो**

बयान पर विवाद होने के बाद पहली बार सफाई देते हुए मंत्री शाह ने कहा था कि मेरे बयान को गलत संदर्भ में न लें। इसके बाद भी मामला तूल पकड़ता गया तो उन्होंने दूसरा वीडियो जारी किया और माफी मांगी। इस माफी के साथ ही उन्होंने अपने परिवार की सेनाओं से जुड़ी पृष्ठभूमि के बारे में बताया। इसके बाद हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए एफआईआर के आदेश दे दिए। मामले में शाह सुप्रीम कोर्ट गए वहां से भी राहत नहीं मिली। बल्कि एसआईटी गठित कर जांच के आदेश जारी हो गए। अब शाह ने माफी मांगते हुए तीसरा वीडियो जारी किया है।

**मंत्री विजय शाह ने आखिर क्या कहा था...**

मंत्री विजय शाह 11 मई को इंदौर के महू के रायकुंडा गांव में आयोजित हलमा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कहा था कि उन्होंने कपड़े उतार-उतार कर हमारे हिंदुओं को मारा और मोदी जी ने उनकी बहन को उनकी ऐसी की तैसी करने उनके घर भेजा।

शाह ने आगे कहा कि अब मोदी जी कपड़े तो उतार नहीं सकते। इसलिए उनकी समाज की बहन को भेजा, कि तुमने हमारी बहनों को विधवा किया है, तो तुम्हारे समाज की बहन आकर तुम्हें नंगा करके छोड़ेगी। देश का मान-सम्मान और हमारी बहनों के सुहाग का बदला तुम्हारी जाति, समाज की बहनों को पाकिस्तान भेजकर ले सकते हैं।

**सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर एसआरटी कर रही जांच**

विजय शाह के इस बयान का वीडियो सामने आने के बाद हाईकोर्ट के आदेश पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। विजय शाह इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे तो वहां भी उनकी माफी नामंजूर कर दी गई। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर तीन सदस्यीय एसआरटी मामले की जांच कर रही है।

## ऑपरेशन सिंदूर से साफ हो गया कि पाकिस्तानी सेना खुद आतंकियों के साथ मिली हुईः शाह

### अब भारत बदल गया हैं अब जबाव देना सीख गया



**नई दिल्ली।** मोदी सरकार में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान पर तीखा हमला कर कहा कि वह आतंकियों को पनाह और समर्थन देता है। उन्होंने यह बात बीएसएफ अलंकरण समारोह के दौरान कही। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा भारत ने आतंक के खिलाफ अपनी सबसे बड़ी और अहम कार्रवाई को अंजाम दिया।

गृह मंत्री शाह ने कहा, ÷जब हमारी सेनाएं पाकिस्तान में मौजूद आतंकी शिविरों को तबाह करती हैं, तब पाकिस्तानी सेना नागरिक इलाकों और सैन्य प्रतिष्ठानों पर जवाबी हमला करती है। पाकिस्तान की इन हरकतों से साफ हो जाता है कि पाकिस्तानी सेना खुद आतंकियों के साथ मिली हुई है।÷

उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 22 मिनट में जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे संगठनों के नौ आतंकी ठिकानों को बर्बाद कर दिया गया। केंद्रीय मंत्री शाह ने दो टूक कहा कि भारतीय सेना ने केवल आतंकियों को निशाना बनाया, न कि पाकिस्तानी सेना या उनके सैन्य अड्डों को।

गृह मंत्री शाह ने कहा, हमारी सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अब आतंक का जवाब आतंक से दिया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर से उजागर हो गया कि पाकिस्तान में आतंकवाद केवल मौजूद नहीं, बल्कि राज्य प्रायोजित है। शाह ने 2016 की सर्जिकल और 2019 के एयर स्ट्राइक का जिक्र कर कहा कि भारत पहले चुप रहता था, लेकिन अब जवाब देना सीख गया है।

इस मौके पर बीएसएफ की तारीफ कर केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा में बीएसएफ का योगदान अमूल्य है। उन्होंने बताया कि तकनीकी चुनौतियों वाली सीमाओं पर उन्नत निगरानी तकनीक अपनाई जा रही है। जम्मू-कश्मीर की हालिया यात्रा का जिक्र कर उन्होंने कहा कि सीमाओं पर अब तकनीक आधारित सुरक्षा समाधान लागू किए जा रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने अंत में 1971 के युद्ध का उल्लेख कर कहा कि बीएसएफ के जवानों की वीरता को भारत और बांग्लादेश दोनों कभी नहीं भूल सकते।

# अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को अत्याधुनिक बनाने गुणवत्ता पर बारीकी से ध्यान दें: मंत्री श्री सारंग

## मंत्री श्री सारंग ने नाथू बरखेड़ा अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की प्रगति की समीक्षा की



**भोपाल।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि नाथू बरखेड़ा में अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को अत्याधुनिक बनाने के लिये बारीकी से गुणवत्ता पर ध्यान दें। उन्होंने पार्किंग, कैफेटेरिया, वॉटर सप्लाई, रिंग रोड, फायर सेफ्टी, वॉटर हार्वेस्टिंग आदि की सुव्यवस्थित प्लानिंग करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्लान में अस्थाई पार्किंग और सोलर प्लांट को भी शामिल करने को कहा। मंत्री श्री सारंग शुक्रवार को टी.टी. नगर खेल स्टेडियम में नाथू बरखेड़ा अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे।

आवागमन के लिये मल्टीपल गेट बनाएं

मंत्री श्री सारंग ने स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मल्टीपल गेट बनाने को भी कहा, जिससे आवागमन में आसानी हो। उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक ही थीम पर साइनेज की व्यवस्था हो, इसके लिये एक ही कलर और एक ही फॉन्ट का उपयोग हो। मंत्री श्री सारंग ने ऑफिस स्पेस के लिये प्रॉपर व्यवस्था करने को भी कहा। मंत्री श्री सारंग ने पार्किंग तक पहुंच रोड बनाने और कनेक्टिविटी देने के निर्देश दिये।

स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मापदण्डानुसार निर्माणाधीन अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है और शेष कार्यों को तेजी व गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण किया जा रहा है। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

मंत्री श्री सारंग ने एथलेटिक्स स्टेडियम, लाइटिंग सिस्टम, प्रैक्टिस हॉकी फील्ड, वार्म-अप ट्रैक, पार्किंग, फुटबॉल फील्ड, वॉटर एवं सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और अन्य निर्माण कार्यों को तेज गति से करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रोजेक्ट की कंस्ट्रक्शन डिटेल्स का प्रस्तुतिकरण भी देखा और तकनीकी पहलुओं पर अधिकारियों से चर्चा की।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि इस सर्व-सुविधायुक्त स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के तैयार होने से मध्यप्रदेश में खेलों के लिए एक नया आयाम स्थापित होगा। यहाँ के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण से लेकर प्रतियोगिताओं तक की सभी सुविधाएं एक ही परिसर में मिलेंगी, जिससे उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में मजबूती मिलेगी।

बैठक में खेल संचालक राकेश कुमार गुप्ता, संयुक्त संचालक बी.एस. यादव, उप सचिव अजय श्रीवास्तव सहित इंजीनियर्स, प्रोजेक्ट मैनेजर और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने स्वास्थ्य अमले को दिलाई तंबाकू नियंत्रण की शपथ



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा से वर्चुअल माध्यम से राज्यभर के स्वास्थ्य अमले को तंबाकू नियंत्रण की शपथ दिलाई। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अपने संदेश में कहा कि तंबाकू का सेवन मुंह के कैंसर सहित अनेक जानलेवा बीमारियों का मुख्य कारण है। तंबाकू नियंत्रण के परिप्रेक्ष्य में पूरे राज्य में जनजागरूकता और संवेदनशीलता बढ़ाने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें आज की पीढ़ी को नशे की प्रवृत्तियों से बचाकर स्वस्थ और समर्थ राष्ट्र की नींव रखनी है।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे तंबाकू और नशे के अन्य रूपों के दुष्प्रभावों के प्रति समुदाय को जागरूक करें, ताकि यह सामाजिक रूप से अस्वीकार्य बने। उन्होंने कहा कि यह केवल स्वास्थ्य का मुद्दा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा और समृद्धि का सवाल है। इस अवसर पर उन्होंने स्वास्थ्य अमले को यह शपथ दिलाई कि वे न केवल स्वयं तंबाकू और नशे से दूर रहेंगे, बल्कि समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे।

# तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, ढाबे से खाना खाकर लौट रहे तीन दोस्तो की मौत, एक घायल

## -कार के एयरबैग खुले, चकनाचूर हुई कार के हुए दो टुकड़े, चेसिस टूटा



**भोपाल।** शहर के उपनगर बैरागढ़ के पास खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित भोपाल-इंदौर हाइवे पर बीती रात एक तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई। घटना में कार में सवार तीन युवको की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक घायल है। चारो युवक सीहोर के एक ढाबे से खाना खाकर लौट रहे थे। घटनास्थल की शुरुआती जॉच के आधार पर पुलिस का अनुमान है कि हादसे के समय कार की रफ्तार काफी तेज थी, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है की पेड़ से टकराते ही कार के परखच्चे उड़ गए उसका चेसिस टूट गया और कार दो टुकड़ो में बंट गई।

मिली जानकारी के अनुसार मृतको में शामिल प्रीत आहूजा की बैरागढ़ थाने के सामने स्वंय की कपड़े की दुकान थी। शंकर मंदिर के पास आरा मशीन रोड बैरागढ़ में रहने वाला विशाल डाबी पिता राजू डाबी (25) प्रीत की दुकान पर काम करता था। वहीं पंकज सिसोदिया पिता चंपकलाल सिसोदिया (25) भी आरा मशीन रोड पर रहते हुए बैरागढ़ में ही मैकेनिक का काम करता था। और राहुल कंडारे पिता किशनलाल कंडारे (27) निवासी बाबा गोविंद राम दरबार के पास आरा मशीन रोड बैरागढ़ भी एक कपड़े की दुकान पर काम करता था। घायल का नाम राहुल कनाडे (25) है। हमउम्र होने और एक ही इलाके में रहने के कारण चारो की आपस में खासी दोस्ती थी। प्रीत आहुजा के भाई कमलेश आहूजा के पास हुन्डई वेन्यू कार है। विशाल और प्रीत 12वीं क्लास तक पढ़े थे। पंकज ने 8वीं के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। तीनों स्कूल फ्रेंड थे।

बीती रात प्रीत अपने भाई कमलेश आहूजा की कार लेकर तीनो दोस्तो विशालु, पंकज और राहुल कनाडे को लेकर सीहोर गया था। सीहोर से खाना खाकर सभी लौट रहे थे। प्रीत आहुजा कार चला रहा था, विशाल उसके बगल वाली जबकि राहुल और कमलेश पीछे की सीट पर बैठे थे। रास्तें में चिरायु अस्पताल के पास करीब आधी रात को एचपी पेट्रोल पंप, फॉर्च्यून होटल की टर्निंग पाइंट पर उनकी कार बेकाबू होकर सड़क किनारे लगे पेड़ में जा घुसी। पेड़ से टकराने से पहले कार ने सड़क किनारे गुमटी को भी टक्कर मारी थी। टक्कर के बाद कार दो टुकड़ों में बंट गई, उसका चेसिस भी टूट गया। चकनाचूर हुई कार के डैशबोर्ड के नीचे विशाल और प्रीत फंस गए थे। उनके साथ ही पंकज की भी मौके पर मौत हो चुकी थी। बाद में गेट और डैशबोर्ड काटकर उनके शवो को निकाला जा सका। परिवार वालो ने बताया चारों सीहोर के एक ढाबे पर खाना खाने गए थे। लौटते समय इंदौर-भोपाल हाईवे पर कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में घायल राहुल कंडारे को चिरायु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। देर रात वहां से गुजर रहे लोगों ने हादसा देख पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी थी।

मौके पर मौजूद लोगो का आरोप है, कि पुलिस और एम्बुलेंस सूचना देने काफी देर बाद मौके पर पहुंची। हालांकि पुलिस का कहना है की घटना स्थल थाने से करीब 20 किलोमीटर दूर है, और वहां पहुंचने में लगभग 40 मिनट लगते हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम रवाना हो गई थी, और घायल को अस्पताल पहुंचाया गया जिससे उसकी जान बचाई जा सकी। शुरुआती जॉच के आधार पर पुलिस का अनुमान है, एक्सीडेंट के समय कार की रफ्तार 120 किमी से अधिक रही होगी। क्योंकि 100 से 120 किमी प्रति घंटे की स्पीड पर दुर्घटना होने पर एयरबैग फटते नहीं है। लेकिन इस एक्सीडेंट में कार के एयरबैग तक फट गए हैं। पुलिस का अनुमान है की एक्सीडेंट का मुख्य कारण तेज रफ्तार है। पेड़ से टकराने से पहले कार गुमटी से भी टकराई है, उसमें दो लोग मौजूद थे, पुलिस उनके बयान भी दर्ज करेगीं। मृतको में पंकज परिवार का एकलौता सहारा था। बीमारी के चलते उसकी मां की मौत हो चुकी है, बड़ी बहन की शादी हो चुकी है। वहीं उसके पिता नेत्रहीन हैं, पिता की देखभाल का जिम्मा पंकज पर ही था। वहीं बैरागढ़ क्षेत्र में चार युवाओ की अचानक हुए मौत से मातम फैला हुआ है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शवो को पीएम के लिये भेजते हुए आगे की जॉच शुरु कर दी है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान-2025: 'खेत-तालाब' से खेतों तक पानी, किसान लिखेंगे 'समृद्धि' की नई कहानी



**भोपाल।** किसानों को फसलों की सिंचाई व पीने के लिए पर्याप्त पानी मिले, इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मनरेगा योजना से विदिशा जिले में खेत-तालाब, अमृत सरोवर और कूप रिचार्ज पिट का निर्माण किया जा रहा है। खेत-तालाब व अमृत सरोवर बनने से खेतों को फसलों की आवश्यकता के समय पर्याप्त पानी उपलब्ध रहेगा। इससे किसान आर्थिक समृद्धि की नई कहानी लिखे सकेंगे। कुओं को रिचार्ज करने के लिए कूप रिचार्ज पिट कुओं का जल स्तर बना कर रखेंगे। परिणाम स्वरूप गर्मियों में भी पीने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध रहेगा।

विदिशा जिले में 1,819 खेत-तालाब, 21 अमृत सरोवर और 1,709 रिचार्ज पिट्स का निर्माण

जल गंगा संवर्धन अभियान में विदिशा जिले की सभी 7 जनपद (बसौदा, ग्यारसपुर, कुरवाई, लटेरी, नटेरन, सिरोंज और विदिशा) में 21 अमृत सरोवरों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 14 अमृत सरोवरों का काम पूर्ण होने को है, शेष 7 पर काम प्रगतिरत है। सभी 7 जनपदों में 1 हजार 731 खेत-तालाब बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। जिले में लक्ष्य से अधिक 1 हजार 819 खेत-तालाबों का निर्माण हो रहा है। जिले में 1 हजार 400 कुओं को बारिश के पानी से रिचार्ज करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, अब तक लक्ष्य से अधिक 1 हजार 709 कुओं के रिचार्ज पिट बनाए जाने का काम चल रहा है।

खेत-तालाब निर्माण में किसान खुद आगे आकर बन रहे सहभागी

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बुरहानपुर जिले में भी किसान अपने खेतों में खेत-तालाब बनाने में स्वयं आगे बढ़कर सहभागिता कर रहे है। खेत-तालाब से वर्षा जल संचित हो सकेगा और आस-पास के भूजल स्तर में भी वृद्धि होगी और किसानों को फसल उत्पादन में लाभ मिलेगा।

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने हेक्साकॉप्टर ड्रोन के माध्यम से सीड बॉल्स छिड़काव किया। हेक्साकॉप्टर ड्रोन से इमली और सीताफल के बीजों का छिड़काव किया गया। इसके लिए आजीविका मिशन की दीदियों ने ड्रोन के छिद्रों के अनुरूप विशेष रूप से सीड बॉल्स बनाए हैं। मंत्री सुश्री भूरिया के बाद उपस्थित सभी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने हाथीपावा पहाड़ी पर सीड बॉल्स का छिडकाव किया।

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था ने उमरिया जिले के गोरैया ग्राम पंचायत के सहयोग से ग्रामीणों ने श्रमदान कर जोहिला नदी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। श्रमदानियों ने नदी तथा उसके आसपास जमा कचरे को साफ कर जल स्त्रोतो के आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद अनवार अहमद द्वारा एम.आई. आफसेट वर्क्स 91, रशीदिया स्कूल के पास, बरखेड़ी, भोपाल से मुद्रित एवं 7, न्यू इतवारा रोड, नवाब मियां की डेरी के पास, भोपाल म.प्र. से प्रकाशित।
संपादक-सैयद अनवार अहमद मो. 9893338062 कार्यालय:पी.एन.बी. कालोनी, नियर शालीमार बिल्डिंग, ईदगाह हिल्स, भोपाल म.प्र.( सभी विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)